# सरदार पटेल की कर्म निष्ठा सभी के लिए प्रेरणा

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लौह पुरूष को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली 31 अक्टूबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को यहां पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.**

राष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अपने संदेश में कहा सरदार पटेल एक महान देशभक्त, दूरदर्शी नेता और राष्ट्र-निर्माता थे, जिन्होंने अपने अटूट संकल्प, अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व से देश के एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य किया. उनकी कर्मनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है. आइए, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हम सब एकजुट होकर, एक सशक्त, समरस और श्रेष्ठ भारत के निर्माण का संकल्प लें. वहीं अमित शाह ने सरदार पटेल की जयंती एकता दिवस के अवसर पर लोगों को देश की एकता और अखंडता के संकल्प की शपथ दिलाई और एकता दिवस दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया. मुर्मु और शाह ने पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.




### कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से वंदन करता हूं : शाह


शाह ने कहा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और किसानों के सशक्तीकरण के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का उनकी जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से वंदन करता हूं. सरदार साहब ने रियासतों का एकीकरण कर देश की एकता और सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया व किसानों, पिछड़ों और वंचितों को सहकारिता से जोड़कर देश को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया उनका दृढ़ विश्वास था कि देश के विकास की धुरी किसानों की समृद्धि में निहित है.

**लखनऊ.** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में योगी ने जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें हर उस शक्ति का विरोध करना चाहिए जो राष्ट्र की एकता को कमजोर करने का प्रयास करती है. उन्होंने कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया. उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें.

# फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी

**सात राज्यों के लोगों से की गई धोखाधड़ी**

**गोण्डा के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा- कार्रवाई होगी**



**गोण्डा, 31 अक्टूबर. गोण्डा के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर विदेश से भारत के सात राज्यों के पीड़ितों से की गई 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के हुये मामले में कार्यवाही की बात कही है.**

सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिये एक इंटरव्यू में कहा कि फोरेक्स ट्रेडिंग घोटाले के मामले में अन्य राज्यों संग यूपी के देवीपाटन मंडल में भी ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी लविश चौधरी उर्फ नवाब के नेटवर्क की आशंका को लेकर उसके संपर्क में रहने वालों की सख्ती से पड़ताल कराकर कठोरतम कार्यवाही सम्बंधित जांच व सुरक्षा एजेंसियों से करायी जायेगी. मंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियों के माध्यम से पता लगाया जाएगा कि इस मामले के संदिग्धों के आय का श्रोत क्या हैं और उनके पास धन कहां से आ रहा है. उन्होंने जोर देकर कहा, हम इसके तह तक जाएंगे. जब दिल्ली से इस पूरे मामले में जांच होगी.

कीर्तिवर्धन सिंह ने दृढ़ता से कहा, हम इस पूरे मामले में लगे हैं और कठोर कार्रवाई करेंगे. हम गोंडा को ठगों और लुटेरों का अड्डा नहीं बनने देंगे. इस बीच, देवीपाटन मंडल में बैठे शख्स की पहचान अभी तक उजागर नहीं हो पाई है. यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कहां का रहने वाला है. अब तक केवल कुछ नाम ही सामने आये है, जिसको लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं. दरअसल, महाराष्ट्र के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में कई पीड़ितों ने ओक्टाएफएक्स प्लेटफॉर्म के खिलाफ शिकायत की थी. इनमें कहा गया था कि इस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ने ज्यादा रिटर्न का वादा कर इनवेस्टर्स के साथ बड़ा फ्रॉड किया है.


# किसानों में भाजपा के खिलाफ गहरा रोष

**किसान महापंचायत में अरविंद केजरीवाल का भाजपा पर हमला**

**सुरेंद्रनगर, 31 अक्टूबर. की किसान महापंचायत में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर हमला किया और कहा कि किसानों में गहरा रोष है.**

उनका भाषण राजनीतिक आरोपों से भरा रहा जिसमें पुलिस के रोल और केंद्र-किसान नीति पर तीखी टिप्पणियां शामिल थीं. केजरीवाल ने शुक्रवार को गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में किसान महापंचायत में भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए दावा किया कि किसानों में भाजपा के खिलाफ गहरा रोष है. केजरीवाल ने कहा कि पिछले तीन दशकों में किसानों ने भाजपा को वोट दिए पर अब उनसे गुस्सा छलक रहा है. उन्होंने पुलिस-उपस्थिति और प्रशासनिक सहारे का जिक्र करते हुए तंज किया कि भाजपा पर अहंकार सवार है और वह किसानों की आवाज़ दबाने की कोशिश कर रही है. केजरीवाल ने कहा वहीं सुरक्षा संस्थाओं तथा विरोधी दल इसे उकसाने वाला भी मान सकते हैं. स्थानीय नेताओं का कहना है कि किसानों के मुद्दे फसल समर्थन मूल्य, बाजार पहुंच और आय स्थिरता—लंबे समय से अटके हुए हैं और इनसे जुड़ा गुस्सा किसी भी राजनीतिक बयान से भड़क सकता है.

केजरीवाल ने अपने भाषण में यह भी कहा कि 400 से अधिक मंडियों में किसान एकत्रित हैं और आंदोलन जारी है. उन्होंने अमेरिका और रूस के संदर्भ में केंद्र की नीतियों पर तीखी टिप्पणियाँ करते हुए आरोप लगाया कि नियंत्रणकारी अंतरराष्ट्रीय दबावों के सामने हमारी सरकार कमजोर दिखती है. भाषण के दौरान उनके कुछ शब्दों ने विवाद पैदा करने की क्षमता रखी उन्हें रास्ते में सुरक्षा व सार्वजनिक शांति को लेकर राजनीतिक और कानूनी परिप्रेक्ष्य में भी परखा जाना चाहिए. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे बयान चुनावी रूप से रैलियों को सपोर्ट हासिल करने के इरादे से दिए जा सकते हैं.



## आधार प्रौद्योगिकी में बड़े बदलावों पर विचार के लिए बनेगी समिति

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर.** तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के अनुरूप आधार में बदलाव पर विचार के लिए सराकर ने यूआईडीएआई के अध्यक्ष नीलकंठ मिश्रा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने प्रौद्योगिकी और विनियामक परिदृश्य में तेजी से आ रहे बदलावों के मद्देनजर एक नए आधार विजन 2032 फ्रेमवर्क तैयार कर आधार के विकास के अगले दशक को आकार देने हेतु के लिए व्यापक रणनीतिक और प्रौद्योगिकी संबंधी समीक्षा आरंभ की है.

# दुनिया में ट्रंप के बयान की तीखी आलोचना

**परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर आलोचना**

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया भर से तीखी प्रतिक्रिया आ रही है. इसे एक भड़काऊ और दुनिया को फिर से परमाणु की दौड़ में धकेल देने वाले बयान के रूप में देखा जा रहा है.**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर ट्रंप के बयान की तीखी आलोचना की. उन्होंने कहा कि अपने रक्षा विभाग का नाम बदलकर युद्ध विभाग रखने वाला परमाणु हथियारों से लैस दबंग देश



खुद परमाणु हथियारों का परीक्षण करने जा रहा है. उन्होंने कहा, यही दबंग देश ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को बदनाम कर रहा है व हमारे सुरक्षित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की धमकी दे रहा है. अराघची ने कहा यह अंतराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है. ईरान के विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा, अमेरिका दुनिया में परमाणु प्रसार का सबसे बढ़ा खतरा है.

उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग से मुलाकात से ठीक पहले गुरुवार को अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा था कि उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग को परमाणु हथियारों के परीक्षण का आदेश दिया है. ट्रंप ने कहा अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे हमारे परमाणु हथियारों का समान परीक्षण शुरू करें. रूस ने कहा कि हाल में कोई परीक्षण नहीं किया है.

## ईडी ने अमृत फीड्स के खिलाफ दाखिल किया आरोप-पत्र

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में अमृत फीड्स लिमिटेड (एएफएल), इसके प्रमोटर हरीश बागला और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है. यह जानकारी ईडी के कोलकाता जोनल कार्यालय ने शुक्रवार को दी. ईडी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने आरोपियों की 10.44 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति भी कुर्क की है. बैंक फंडों की कथित हेराफेरी को लेकर एएफएल, इसकी संबंधित कंपनियों और निदेशकों/प्रवर्तकों के खिलाफ गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा दर्ज की गई.

### एक नजर में



## आर्य समाज ने भारतीयता के सार को बनाए रखा

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर.** रोहिणी में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने निडर होकर भारतीयता के सार को बनाए रखा और भारत विरोधी विचारधारओं, विदेशी सिद्धांतों को थोपने की कोशिशों, बांटने वाली सोच, या सांस्कृतिक ताने-बाने को खराब करने की कोशिशों का हमेशा मुकाबला किया. प्रधानमंत्री ने महर्षि दयानंद सरस्वती को दूरदर्शी और महान व्यक्तित्व करार देते हुए कहा कि आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ का अवसर किसी विशेष समुदाय या पंथ के लिए नहीं बल्कि यह पूरे देश की वैदिक पहचान से जुड़ा एक उत्सव है. . उन्होंने कहा कि वह जब भी इस तरह के कार्यक्रम में आते हैं तो एक अलग ऊर्जा और एक अनोखी प्रेरणा से भर जाते है.

## तमिलों के खिलाफ न फैलाएं नफरत : स्टालिन

**चेन्नई, 31अक्टूबर.** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी की उनके बयानों के लिए आलोचना करते हुए कहा कि पूरे देश के प्रधानमंत्री होने के नाते उन्हें चुनावी फ़ायदे के लिए विभाजनकारी बयान देने के बजाय अपने पद की गरिमा बनाये रखनी चाहिए. स्टालिन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 'लापरवाह' और राजनीति से प्रेरित करार दिया. बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान दिये गये कुछ बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, मोदी अक्सर भूल जाते हैं कि वह इस देश के सभी लोगों के लिए माननीय प्रधानमंत्री के उच्च पद पर आसीन हैं, और इस तरह की टिप्पणी करके उन्हें इस पद की गरिमा और जिम्मेदारी को न तो कम करना चाहिए और न ही खोना चाहिए. उन्होंने कहा, एक तमिल के रूप में यह मुझे पीड़ा और पीड़ा देता है.

## धोखाधड़ी के आरोप में 2000 लोग गिरफ्तार


**कुआलालंपुर, 31 अक्टूबर.** मलेशिया पुलिस ने पिछले एक महीने में देशव्यापी कार्रवाई में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों से जुड़े 2,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. वाणिज्यिक अपराध जाँच विभाग के निदेशक रुसदी ईसा ने एक गुरुवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी. इन लोगों में ई-कॉमर्स धोखाधड़ी करने वाले 790 भी शामिल हैं. ईसा ने बताया कि ये अभियान नेशनल स्कैम रिस्पॉन्स सेंटर की स्थापना के बाद चलाये गये.

# भाजपा-राजग की जीत की गारंटी : योगी

**सीएम योगी ने पहली रैली को सिवान में किया संबोधित**


**सिवान/वैशाली/भोजपुर, 31 अक्टूबर. भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महागठबंधन पर तंज कसते हुये कहा कि बिहार चुनाव में राहुल गांधी की इंट्री भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) प्रत्याशियों की जीत की गारंटी है.**

योगी ने पहली रैली सिवान में राजग प्रत्याशी मंगल पांडेय, दरौंदा से कर्णजीत सिंह और बड़हरिया से इंद्रदेव सिंह पटेल के समर्थन में की. वहीं दूसरी जनसभा में उन्होने वैशाली की लालगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में बोलते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया. भोजपुर के अगिआंव विधान सभा क्षेत्र में राजग प्रत्याशी महेश पासवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कम्युनिस्टों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ही नहीं दुनिया से कम्युनिस्टों का पत्ता साफ हो गया है. मुख्यमंत्री ने कहा मैं परसों रघुनाथपुर में आया था, क्योंकि एक खानदानी माफिया वहां पर फिर से कब्जा करना चाहता है. यूपी में हमने बुलडोजर से रौंद रौंद कर ऐसे माफियाओं का कचूमर निकाल करके वहां की धरती से जहन्नुम के रास्ते खोल दिये हैं. उन्होने कहा हमारी सीता मइया की धरती पर कोई मारीच और सुबाहू फिर से सिर न उठा सकेगा. उन्होंने कहा कि रघुनाथपुर की सभा में भारी बारिश के बावजूद युवाओं, माताओं के उत्साह को देखकर लगा कि सिवान



में बड़ा सैलाब आने वाला है. बिहार के नौजवान देश और दुनिया में जहां कहीं गया है उसकी बुद्धी और मेधा का लोहा सबने माना है. अब समय आ गया है, पिछले 20 साल में नितीश बाबू के नेतृत्व में सुशासन की जो नींव मजबूत हुई है. उसपर बिहार की मेधा के बल पर सुदृढ़ भवन का निर्माण करना है. योगी ने कहा कि बिहार के सपूत चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की जोड़ी ने पूरे दुनिया के सामने भारत का डंका बजाया था.

## आरएसएस पर फिर लगे प्रतिबंध : खरगे



**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री व भाजपा-आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे पाठ्यक्रम बदलने का काम कर सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि सच को बदला नहीं जा सकता और ना ही इस पर पर्दा डाला जा सकता है. कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस को घातक संघटक बताया और कहा कि सरकार पटेल के अनुसार इस संघटन के बनाए माहौला के कारण ही गांधीजी की हत्या हुई थी इसलिए आरएसएस पर प्रतिबंध लगना चाहिए. उनका कहना था कि मोदी सरकार ने आरएसएस की गतिविधियों पर सरकारी कर्मचारियों के हिस्सा लेने पर प्रतिबंध हटाया है उसे फिर लगाया जाना चाहिए.

## राजग का घोषणा-पत्र झूठ का पुलिंदा : गहलोत



**पटना.** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर तीखा हमला बोलते हुए बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जारी उनके संकल्प पत्र को को झूठ का पुलिंदा बताया. गहलोत एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का संकल्प पत्र 2025 केवल 26 सेकंड में जारी कर दिया गया. उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में यह मीडियाकर्मियों के जीवन का सबसे छोटा संवाददाता सम्मेलन था. कांग्रेस नेता ने घोषणापत्र जारी होने के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की औपचारिक उपस्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि अगर नीतीश कुमार बिहार में राजग का नेतृत्व कर रहे हैं, तो उन्होंने खुद घोषणापत्र क्यों नहीं जारी किया?

**दूरदर्शन पर आएगा धारावाहिक रजनी** 2.0- नईदिल्ली, 31 अक्टूबर. डीडी नेशनल पर 3 नवंबर 2025 से प्रारम्भ होने जा रहा है नया सामाजिक विषयवस्तु पर आधारित धारावाहिक रजनी 2.0 . यह लोकप्रिय और ऐतिहासिक रूप से चर्चित धारावाहिक रजनी (1985) का आधुनिक रूपांतरण है, जिसने अपने समय में समाज में फैले अन्याय, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के विरुद्ध एक प्रखर नागरिक स्वर को जन्म दिया था.

### आज का इतिहास

1755 पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत.

1765 ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया

1800 जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने.

1858 भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी.

1881 कलकत्ता में ट्राम सेवा स्यालदाह तथा अर्मेनिया घाट के बीच शुरू हुई.

# फर्जी भारतीय दस्तावेजों के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

**मुंबई, 31 अक्टूबर. महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर भारत में रही नेपाल की नागरिक शांति अर्जुन सिंह थापा नामक एक महिला को हिरासत में लिया है.**

आरोपी महिला फर्जी भारतीय दस्तावेजों के साथ 30 वर्षों से अधिक समय से ठाणे जिले में रह रही थी. यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी. महिला नेपाल की राजधानी काठमांडू से उड़ान संख्या आरए-201 से मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंची थी. नियमित आव्रजन जांच के दौरान, उसने अपना भारतीय पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र और बोर्डिंग पास दिखाया. जब महिला से उसकी यात्रा का उद्देश्य और राष्ट्रीयता के बारे में पूछा गया, तो वह को संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी. पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला वास्तव में एक नेपाली नागरिक थी, जिसका नाम चंदा रेग्मी है और उसका जन्म 25 नवंबर, 1976 को नेपाल के फुतुंग जिले में हुआ था.

वह कई वर्षों से ठाणे जिले के कल्याण में रह रही थी. प्राथमिकी के अनुसार, फर्जी भारतीय दस्तावेजों के अलावा वह महाराष्ट्र चुनावों में कई बार मतदान भी कर चुकी है.

# चीन के जहाजों पर भारत की पैनी नजर

**नौसेना उप प्रमुख ने किया बेड़ा का निरीक्षण**

नई दिल्ली 31 अक्टूबर. भारतीय नौसेना ने कहा है कि हिन्द महासागर में चीन के जहाजों की हर गतिविधि पर उसकी पैनी नजर रहती है और नौसेना भारतीय हितों की रक्षा करने के लिए किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार है. नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने आगामी फरवरी में होने वाले नौसेना के



अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण के पूर्वावलोकन संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में यह बात कही. उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण के साथ-साथ मिलन अभ्यास और अनेक देशों की नौसेनाओं के प्रमुखों का सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा.

उन्होंने कहा कि नौसेना को पता होता है कि वह क्या कर रहे हैं और क्या कर सकते हैं. उनके आने-जाने पर भी भारतीय नौसेना की नजर बनी रहती है. बाद में उन्होंने कहा कि नौसेना की नजर केवल चीन के जहाजों पर ही नहीं रहती बल्कि हिन्द महासागर में आने वाले सभी देशों के हर तरह के जहाज पर रहती है. उन्होंने कहा, हमारे हित के क्षेत्र में आने वाले सभी जहाजों पर नौसेना की नजर रहती है.

# 'भारत की प्रथम महिला पीएम हमारी आदर्श'



**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वें शहादत दिवस पर शुक्रवार को उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.**

खरगे, गांधी तथा राहुल गांधी ने सुबह पूर्व प्रधानमंत्री कि समाधि शक्ति स्थल आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा भारत की एकता व अखंडता को संजाएं रखने के लिए, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व व दूरदर्शिता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व एक सशक्त प्रगतिशील भारत का निर्माण किया.

इस मौके पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इंदिरा गांधी को याद करते हुए 1977 के उनके बेलछी दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी ने उस समय कार, जीप और ट्रैक्टर से सफर किया और फिर हाथी पर सवार होकर बेलछी गांव पहुंचीं, जहां जातीय हिंसा से तबाह परिवारों से मिलीं. वहीं, कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया से इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते एक पोस्ट किया.


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

Your host in the heart of India
www.mpstdc.com

**पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003**

**फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com**

**क्रमांक 388/यांत्रिकी/पविनि/25** **दिनांक : 31.10.2025**

**निविदा सूचना 174/2025_STDC_460188_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम : पीली कोठी, जिला उमरिया के नवीनीकरण एवं उन्नयन हेतु सिविल कार्य। (06 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 120.70 लाख।** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 17.11.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/122774/2025 **कार्यपालन यंत्री**



**मुख्य कार्यालय, विरार**
**विरार (प)**
**ता. वसई, जि. पालघर-४०१ ३०३**

**दुरध्वनी क्र. :** ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
**फॅक्स :** ०२५०-२५२५१०७
**ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com**
जावक क्र. व.वि.श.म/घ.क.व्य/१६६१/२०२५
दिनांक- ३१/१०/२०२५

**VASAI VIRAR CITY MUNICIPAL CORPORATION**

**NOTICE INVITING BID**

Tenders is invited ONLINE from experienced Agencies for the following works on behalf of the COMMISSIONER, VASAI VIRAR CITY MUNICIPAL CORPORATION (VVCMC), VIRAR. The tender document consisting of detailed scope of work, eligibility criteria, bid formats and important dates shall be uploaded on the website https://mahatenders.gov.in.

| Sr.No. | Name of Work |
| --- | --- |
| 1. | Selection of Agency for Cleaning of Drains/Chambers/Septic tank through Mechanised System along with collection, transportation and treatment of Faecal Sludge/septage/silt for Vasai-Virar City Municipal Corporation (VVCMC) on Public Private Partnership basis |

Tender booklets will be available on e-tendering computer system at https://mahatenders.gov.in from date 01/11/2025. The tender is to be submitted online at https://mahatenders.gov.in For any technical difficulties in the e-tendering process, please contact the VVCMC's Solid Waste Management Department or Email at aarogvheadoffice@gmail.com

**Sd/-**
**Dy. Municipal Commissioner,**
**SWM Department,**
**Vasai Virar City Municipal Corporation**